Booklet Serial No. : 0012

***DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO***

# *TEST BOOKLET*

## *AP(HISTORY)(CC)-2014*

Time Allowed : 2 Hours] [Maximum Marks : 100

*All* questions carry equal marks.

## *INSTRUCTIONS*

1. Immediately after the commencement of the examination, you should check that test booklet does not have any unprinted or torn or missing pages or items, etc. If so, get it replaced by a complete test booklet.
2. In case of any discrepancy found in English and Hindi Version in this paper, the English Version may be treated as correct and final.
3. Write your Roll Number only in the box provided alongside. Do not write anything else on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **100** items (questions). Each item comprises four responses (answers). Choose only one response for each item which you consider the best.
5. After the candidate has read each item in the Test Booklet and decided which of the given responses is correct or the best, he has to mark the circle containing the letter of the selected response by blackening it completely with **Black** or **Blue** ball pen. In the following example, response "C" is so marked :

   (A) (B) ● (D)

6. Do the encoding carefully as given in the illustrations. While encoding your particulars or marking the answers on answer sheet, you should blacken the circle corresponding to the choice in full and no part of the circle should be left unfilled.
7. You have to mark all your responses ONLY on the ANSWER SHEET separately given according to 'INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES' already supplied to you. *Responses marked on the Test Booklet or in any paper other than the answer sheet shall not be examined.*
8. All items carry equal marks. Attempt all items. Your total marks will depend only on the number of correct responses marked by you in the Answer Sheet. There will be no negative marking.
9. Before you proceed to mark responses in the Answer Sheet fill in the particulars in the front portion of the Answer Sheet as per the instructions sent to you.
10. After you have completed the test, hand over the Answer Sheet only, to the Invigilator.

***DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO***

Time Allowed : 2 Hours] [Maximum Marks : 100

1. Consider the following statements about ancient manuscripts in India :

   (A) The letters were engraved on palm leaf.

   (B) The palm leaf was used in its natural shape without any kind of resizing.

   Select the *correct* answer by using the codes given below :

   (A) Only (A) is correct

   (B) Only (B) is correct

   (C) Both, (A) and (B) are correct

   (D) Neither (A) nor (B) is correct

2. Consider the following statements about the Vedas in ancient India

   (A) They have the status of *shruti* literature.

   (B) The Rigveda contains the world's oldest surviving poetry.

   Select the *correct* answer by using the codes given below :

   (A) Only (A) is correct

   (B) Only (B) is correct

   (C) Both, (A) and (B) are correct

   (D) Neither (A) nor (B) is correct

समय : 2 घण्टे] [पूर्णांक : 100

1. भारत में प्राचीन पांडुलिपियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(A) अक्षर ताड़ पत्र पर उत्कीर्ण किए जाते थे ।

(B) ताड़ पत्र को बिना किसी अन्य आकार में लाए उनके मूल स्वरूप में ही प्रयोग किया जाता था ।

नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर **सही** उत्तर चुनिए :

(A) केवल (A) सही है

(B) केवल (B) सही है

(C) (A) और (B) दोनों सही हैं

(D) न तो (A) और न ही (B) सही है

2. प्राचीन भारत में वेदों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(A) उनकी श्रुति साहित्य वाली प्रतिष्ठा है ।

(B) ऋग्वेद में विश्व की प्राचीनतम कविता सन्निहित है ।

नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर **सही** उत्तर चुनिए :

(A) केवल (A) सही है

(B) केवल (B) सही है

(C) (A) और (B) दोनों सही हैं

(D) न तो (A) और न ही (B) सही है

3. Consider the following statements about *Ramayana* and *Mahabharat*, the two ancient epics of India :

(A) They are *smriti* as also *itihaas*.

(B) Both epics contain references to the characters figuring in the other epic

Select the *correct* answer by using the codes given below :

(A) Only (A) is correct

(B) Only (B) is correct

(C) Both, (A) and (B) are correct

(D) Neither (A) nor (B) is correct

4. Consider the following statements about the *Jataka* tales in ancient India

(A) They are stories of the previous births of Buddha.

(B) They are written in *Sanskrit*.

Select the *correct* answer by using the codes given below :

(A) Only (A) is correct

(B) Only (B) is correct

(C) Both, (A) and (B) are correct

(D) Neither (A) nor (B) is correct

5. Which one of the following is related with Buddhism ?

(A) Nandi Sutta

(B) Vinaya Pitakas

(C) Adi Purana

(D) Mula Sutta

3. भारत के दो प्राचीन महाकाव्यों रामायण तथा महाभारत के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(A) वे स्मृति तथा इतिहास दोनों हैं ।

(B) दोनों महाकाव्यों में उन चरित्रों का उल्लेख है जो एक-दूसरे महाकाव्य में वर्णित हैं ।

नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर **सही** उत्तर चुनिए :

(A) केवल (A) सही है

(B) केवल (B) सही है

(C) (A) और (B) दोनों सही हैं

(D) न तो (A) और न ही (B) सही है

4. प्राचीन भारत में जातक कथाओं से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(A) वे बुद्ध के पूर्वजन्मों की कथाएँ हैं ।

(B) वे संस्कृत में लिखी गई हैं ।

नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर **सही** उत्तर चुनिए :

(A) केवल (A) सही है

(B) केवल (B) सही है

(C) (A) और (B) दोनों सही हैं

(D) न तो (A) और न ही (B) सही है

5. निम्नलिखित में से कौनसा बौद्ध धर्म से संबंधित है ?

(A) नंदि सुत्त (B) विनय पिटक

(C) आदि पुराण (D) मूल सुत्त

6. Which one of the following is essentially a work on grammar ?

(A) Tirukkural

(B) Pattupattu

(C) Silappadikaram

(D) Tolkappiyam

7. The oldest surviving biography in India is :

(A) Rajatarangini

(B) Prithvirajaraso

(C) Nandikkalambakkam

(D) Harshcharita

8. Who among the following was associated with the study of epigraphy ?

(A) D.C. Sircar

(B) D.D. Kosambi

(C) R.C. Majumdar

(D) John Marshall

9. Numismatics is a study of :

(A) Ancient Pottery

(B) Coins

(C) Ancient Skeletons

(D) Fossils

10. Which one of the following is a Paleolithic tool ?

(A) Arrow Head

(B) Quartz Blade

(C) Pebble Hand Axe

(D) Iron Sickle

6. निम्नलिखित में से कौनसा मूलतः व्याकरण है ?

(A) तिरुक्कुरल (B) पत्तुपात्तु

(C) शिलप्पडिकरम (D) तोलकाप्पियम

7. भारत में प्राचीनतम उपलब्ध आत्मचरित कौनसा है ?

(A) राजतरंगिणी (B) पृथ्वीराजरासो

(C) नंदिकलमबक्कम (D) हर्षचरित

8. निम्नलिखित में से कौन पुरालेखशास्त्र से संबंधित था ?

(A) डी.सी. सरकार (B) डी.डी. कौशाम्बी

(C) आर.सी. मजूमदार (D) जॉन मार्शल

9. मुद्राशास्त्र किसके अध्ययन से संबंधित है ?

(A) प्राचीन मृद्‌भाण्ड (B) सिक्के

(C) प्राचीन अस्थिपंजर (D) जीवाश्म

10. निम्नलिखित में से कौनसा पुरापाषाणीय औज़ार है ?

(A) बाणाग्र (B) स्फटिक फलक

(C) गुटिका हस्तकुठार (D) लौह दरांती

11. The first site in India where rock paintings were discovered is in :

(A) Bhopal
(B) Vidisha
(C) Pushkar
(D) Mirzapur

12. Which one of the following is *not* an Indus Valley site ?

(A) Koldihwa
(B) Amri
(C) Kalibangan
(D) Rakhigarhi

13. The terracotta replica of a plough has been discovered at :

(A) Harappa
(B) Banwali
(C) Dholavira
(D) Lothal

14. A dockyard of the Indus Valley time is discovered at :

(A) Deshalpar
(B) Dholavira
(C) Mohenjo Daro
(D) Lothal

15. The sculpture showing emperor Ashoka has been discovered at :

(A) Bairat
(B) Dhauli
(C) Sannathi
(D) Girnar

11. भारत में सर्वप्रथम शैलचित्रों की खोज वाला स्थल कहाँ स्थित है ?

(A) भोपाल (B) विदिशा

(C) पुष्कर (D) मिर्ज़ापुर

12. निम्नलिखित में से कौनसा सिंधु घाटी स्थल नहीं है ?

(A) कोलिदहवा (B) अम्री

(C) कालीबंगा (D) राखीगढ़ी

13. हल की पक्की मिट्टी की प्रतिकृति कहाँ से मिली है ?

(A) हड़प्पा (B) बनवाली

(C) धोलावीरा (D) लोथल

14. सिंधु घाटी कालीन गोदी कहाँ मिली है ?

(A) देशलपर (B) धोलावीरा

(C) मोहनजोदड़ो (D) लोथल

15. सम्राट अशोक को दर्शाने वाली प्रतिमा किस स्थान से मिली है ?

(A) बैराट (B) धौली

(C) सन्नाति (D) गिरनार

16. The most of the Ashokan inscriptions are in :

(A) Sanskrit (B) Pali

(C) Prakrit (D) Tamil

17. The Sangam literature originated in :

(A) Madurai (B) Hampi

(C) Udupi (D) Thanjavur

18. The Charvaka School was also known as :

(A) Vedant (B) Lokayat

(C) Mimamsa (D) Nyaya

19. Who among the following was *not* an astronomer ?

(A) Brahmagupta (B) Aryabhatt

(C) Varahamihir (D) Medatithi

20. Sushruta Samhita is one of the earliest surviving texts on

(A) Mathematics (B) Astronomy

(C) Aesthetics (D) Medicine

16. अशोक के अधिकांश पुरालेख किस भाषा में हैं ?

(A) संस्कृत (B) पालि

(C) प्राकृत (D) तमिल

17. संगम साहित्य का उद्गम किस स्थान से हुआ ?

(A) मदुरै (B) हम्पी

(C) उडुपी (D) तंजौर

18. चार्वाक मत किस अन्य नाम से भी जाना जाता था ?

(A) वेदांत (B) लोकायत

(C) मीमांसा (D) न्याय

19. निम्नलिखित में से कौन खगोलशास्त्री **नहीं** था ?

(A) ब्रह्मगुप्त (B) आर्यभट्ट

(C) वराहमिहिर (D) मेदातिथि

20. सुश्रुत संहिता किस विषय से संबंधित एक प्राचीनतम पाठ है ?

(A) गणित (B) खगोलशास्त्र

(C) सौन्दर्यशास्त्र (D) औषधविज्ञान

21. The Mamallapuram group of temples date back to the :

(A) Chola period (B) Pallava period

(C) Pandya period (D) Chera period

22. The Brihadeeshwar temple of Mahadev is situated at :

(A) Thanjavur (B) Rameshwaram

(C) Madurai (D) Kumbakonam

23. The Ajanta paintings use :

(A) Natural colours

(B) Natural surface of rock for painting

(C) Relief drawing

(D) Technique of free hand painting

24. Which one among the following was an ancient port ?

(A) Kovalur (B) Arikamedu

(C) Madurai (D) Kanchipuram

25. Which one among the following is the city described in Sangam texts for its fame in gems and jewelry work ?

(A) Kanchipuram (B) Kaveripattinam

(C) Kodumanal (D) Udupi

21. मंदिरों का मामल्लपुरम समूह किस काल से संबंधित है ?

(A) चोल काल (B) पल्लव काल

(C) पांड्य काल (D) चेर काल

22. बृहदीश्वर महादेव मंदिर कहाँ स्थित है ?

(A) तंजौर (B) रामेश्वरम

(C) मदुरै (D) कुम्बकोनम

23. अजंता चित्रकला में क्या उपयोग में लाया गया है ?

(A) प्राकृतिक रंग

(B) चित्रकला के लिए पाषाण की प्राकृतिक सतह

(C) उभारदार रेखाचित्र

(D) मुक्तहस्त चित्रांकन तकनीक

24. निम्नलिखित में से कौनसा प्राचीनकालीन बंदरगाह था ?

(A) कोवलुर (B) अरिकामेडु

(C) मदुरै (D) कांचीपुरम

25. संगम साहित्य में वर्णित रत्न तथा जड़ाऊ आभूषणों के लिए विख्यात नगर कौनसा था ?

(A) कांचीपुरम (B) कावेरीपट्टिनम

(C) कोडुमनाल (D) उडुपी

26. Which one among the following did *not* fall on the ancient Indian silk route ?

(A) Africa

(B) Central Asia

(C) Europe

(D) West Asia

27. Which one among the following was a part of *Stree-dhan* ?

(A) Property inherited from sonless parents

(B) Gifts received in the bridal procession

(C) Share in the property of in-laws

(D) Gifts received from sons

28. The worship of Buddha in the form of images was an impact of :

(A) Thervada

(B) Hinyan

(C) Mahayan

(D) Lokayata

29. Which one among the following is *not* a text attributed to Kalidas ?

(A) Raghuvansham

(B) Meghdoot

(C) Kumarsambhav

(D) Mudrarakshas

26. निम्नलिखित में से कौनसा स्थान प्राचीन भारतीय रेशम मार्ग पर **नहीं** पड़ता था ?

(A) अफ्रीका
(B) मध्य एशिया
(C) यूरोप
(D) पश्चिम एशिया

27. निम्नलिखित में से क्या स्त्री-धन का भाग था ?

(A) पुत्रविहीन माता-पिता से उत्तराधिकार में मिली सम्पत्ति

(B) वैवाहिक शोभायात्रा में प्राप्त उपहार

(C) श्वसुर पक्ष की सम्पत्ति में भाग

(D) पुत्रों द्वारा दिए गए उपहार

28. बुद्ध की मूर्ति के रूप में पूजा किसका प्रभाव था ?

(A) थेरवाद
(B) हीनयान
(C) महायान
(D) लोकायत

29. निम्नलिखित में से कौनसा ग्रंथ कालिदास रचित नहीं है ?

(A) रघुवंशम
(B) मेघदूत
(C) कुमारसंभव
(D) मुद्राराक्षस

30. The *panchtantra* stories are :

(A) Satirical tales

(B) Treatise on tantra

(C) Commentary on grammar

(D) Treatise on painting

31. The Delhi sultanate was established by :

(A) Qutbudin Aibak

(B) Yilduz

(C) Qubacha

(D) Iltutmish

32. Alauddin Khilji assassinated his uncle at :

(A) Devgiri

(B) Multan

(C) Kara

(D) Delhi

33. Muhammad Tughlaq introduced :

(A) Branding of horses

(B) Jharokha darshan

(C) Token currency

(D) Artillery

34. The policy of *Sulh-i-Kul* was introduced by :

(A) Babar

(B) Akbar

(C) Jahangir

(D) Aurangzeb

30. पंचतन्त्र की कथाएँ क्या हैं ?

(A) व्यंग्यात्मक कथाएँ

(B) तंत्र पर प्रबन्ध

(C) व्याकरण पर टीका

(D) चित्रकला पर प्रबन्ध

31. दिल्ली सल्तनत की स्थापना किसने की थी ?

(A) कुतबुद्दीन ऐबक

(B) यिल्दुज़

(C) कुबाचा

(D) इल्तुतमिश

32. अलाउद्दीन खिलजी ने अपने चाचा की हत्या किस स्थान पर की थी ?

(A) देवगिरि

(B) मुलतान

(C) कड़ा

(D) दिल्ली

33. मुहम्मद तुगलक ने किसका प्रारम्भ किया ?

(A) घोड़े को दागना

(B) झरोखा दर्शन

(C) सांकेतिक मुद्रा

(D) तोपखाना

34. सुलह कुल की नीति किसने आरम्भ की ?

(A) बाबर

(B) अकबर

(C) जहाँगीर

(D) औरंगज़ेब

35. Match the contents of List A with List B and select the *correct* answer from the codes given below :

| List A | | List B | |
|---|---|---|---|
| (*e*) | Kanchipuram | (*i*) | Chalukyas |
| (*f*) | Badami | (*ii*) | Pallavas |
| (*g*) | Wayanad | (*iii*) | Wodeyars |
| (*h*) | Mysore | (*iv*) | Hoyasalas |

*Codes* :

| | (*e*) | (*f*) | (*g*) | (*h*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*i*) | (*iii*) | (*ii*) | (*iv*) |
| (B) | (*ii*) | (*i*) | (*iv*) | (*iii*) |
| (C) | (*iii*) | (*i*) | (*iv*) | (*ii*) |
| (D) | (*iv*) | (*ii*) | (*iii*) | (*i*) |

36. Match the contents of List A with List B and select the *correct* answer from the codes given below :

| List A | | List B | |
|---|---|---|---|
| (*e*) | Vishishtadvaita | (*i*) | Basaveshwara |
| (*f*) | Advait | (*ii*) | Shankaracharya |
| (*g*) | Brahmavada | (*iii*) | Ramanujacharya |
| (*h*) | Virashaivism | (*iv*) | Madhvacharya |

*Codes* :

| | (*e*) | (*f*) | (*g*) | (*h*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*i*) | (*iii*) | (*ii*) | (*iv*) |
| (B) | (*ii*) | (*iv*) | (*i*) | (*iii*) |
| (C) | (*iii*) | (*i*) | (*iv*) | (*ii*) |
| (D) | (*iii*) | (*ii*) | (*iv*) | (*i*) |

35. सूची A को सूची B से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची A | | सूची B |
|---|---|---|---|
| (e) | कांचीपुरम | (i) | चालुक्य |
| (f) | बादामी | (ii) | पल्लव |
| (g) | वायनाड | (iii) | वोडियार |
| (h) | मैसूर | (iv) | होयसाल |

कूट :

| | (e) | (f) | (g) | (h) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

36. सूची A को सूची B से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची A | | सूची B |
|---|---|---|---|
| (e) | विशिष्टाद्वैत | (i) | बसवेश्वर |
| (f) | अद्वैत | (ii) | शंकराचार्य |
| (g) | ब्रह्मवाद | (iii) | रामानुजाचार्य |
| (h) | वीरशैवमत | (iv) | मध्वाचार्य |

कूट :

| | (e) | (f) | (g) | (h) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (C) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (D) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

37. Match the contents of List A with List B and select the *correct* answer from the codes given below :

| List A | List B |
|---|---|
| (*e*) Varaha Coins | (*i*) Alauddin Khilji |
| (*f*) Zodiac Coins | (*ii*) Vijayanagar |
| (*g*) Tanka Coins | (*iii*) Sher Shah |
| (*h*) Rupee Coins | (*iv*) Jahangir |

*Codes* :

| | (*e*) | (*f*) | (*g*) | (*h*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*i*) | (*iii*) | (*ii*) | (*iv*) |
| (B) | (*ii*) | (*iv*) | (*i*) | (*iii*) |
| (C) | (*iii*) | (*i*) | (*iv*) | (*ii*) |
| (D) | (*ii*) | (*iv*) | (*i*) | (*iii*) |

38. Match the contents of List A with List B and select the *correct* answer from the codes given below :

| List A | List B |
|---|---|
| (*e*) Rajgriha | (*i*) Kanishka |
| (*f*) Kannauj | (*ii*) Ashoka |
| (*g*) Mathura | (*iii*) Harsha |
| (*h*) Pataliputra | (*iv*) Bimbisara |

*Codes* :

| | (*e*) | (*f*) | (*g*) | (*h*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*iv*) | (*iii*) | (*i*) | (*ii*) |
| (B) | (*ii*) | (*iv*) | (*i*) | (*iii*) |
| (C) | (*iii*) | (*i*) | (*iv*) | (*ii*) |
| (D) | (*iv*) | (*ii*) | (*iii*) | (*i*) |

37. सूची A को सूची B से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची A | | सूची B | |
|---|---|---|---|
| (e) | वराह सिक्के | (i) | अलाउद्दीन खिलजी |
| (f) | राशिचक्र सिक्के | (ii) | विजयनगर |
| (g) | टंका सिक्के | (iii) | शेरशाह |
| (h) | रुपया सिक्के | (iv) | जहाँगीर |

कूट :

| | (e) | (f) | (g) | (h) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (C) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (D) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

38. सूची A को सूची B से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची A | | सूची B | |
|---|---|---|---|
| (e) | राजगृह | (i) | कनिष्क |
| (f) | कन्नौज | (ii) | अशोक |
| (g) | मथुरा | (iii) | हर्ष |
| (h) | पाटलिपुत्र | (iv) | बिम्बिसार |

कूट :

| | (e) | (f) | (g) | (h) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (C) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

39. Match the contents of List A with List B and select the *correct* answer from the codes given below :

| List A | | List B | |
|---|---|---|---|
| (*e*) | Vaishali | (*i*) | Madhya Pradesh |
| (*f*) | Sanchi | (*ii*) | Uttar Pradesh |
| (*g*) | Sarnath | (*iii*) | Andhra Pradesh |
| (*h*) | Amaravati | (*iv*) | Bihar |

*Codes* :

| | (*e*) | (*f*) | (*g*) | (*h*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*i*) | (*iii*) | (*ii*) | (*iv*) |
| (B) | (*ii*) | (*iv*) | (*i*) | (*iii*) |
| (C) | (*iv*) | (*i*) | (*ii*) | (*iii*) |
| (D) | (*iv*) | (*ii*) | (*iii*) | (*i*) |

40. Match the contents of List A with List B and select the *correct* answer from the codes given below :

| List A | | List B | |
|---|---|---|---|
| (*e*) | Agra | (*i*) | Baz Bahadur |
| (*f*) | Daulatabad | (*ii*) | Akbar |
| (*g*) | Mandu | (*iii*) | Alauddin Khilji |
| (*h*) | Siri | (*iv*) | Muhammad Taghlaq |

*Codes* :

| | (*e*) | (*f*) | (*g*) | (*h*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*i*) | (*iii*) | (*ii*) | (*iv*) |
| (B) | (*ii*) | (*iv*) | (*i*) | (*iii*) |
| (C) | (*iii*) | (*i*) | (*iv*) | (*ii*) |
| (D) | (*iv*) | (*ii*) | (*iii*) | (*i*) |

39. सूची A को सूची B से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची A | | सूची B | |
| --- | --- | --- | --- |
| (e) | वैशाली | (i) | मध्य प्रदेश |
| (f) | साँची | (ii) | उत्तर प्रदेश |
| (g) | सारनाथ | (iii) | आंध्र प्रदेश |
| (h) | अमरावती | (iv) | बिहार |

कूट :

| | (e) | (f) | (g) | (h) |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (C) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

40. सूची A को सूची B से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची A | | सूची B | |
| --- | --- | --- | --- |
| (e) | आगरा | (i) | बाज़ बहादुर |
| (f) | दौलताबाद | (ii) | अकबर |
| (g) | मांडू | (iii) | अलाउद्दीन खिलजी |
| (h) | सीरी | (iv) | मुहम्मद तुगलक |

कूट :

| | (e) | (f) | (g) | (h) |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (C) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

41. Who among the following sent a number of embassies to China ?

(A) The Cholas
(B) The Cheras
(C) The Hoyasalas
(D) The Pallavas

42. Kamban's *Ramayana* is considered a classic work of :

(A) Malayalam Literature
(B) Tamil Literature
(C) Kannada Literature
(D) Telugu Literature

43. Which one of the following cities was *not* used by the Mughals as a capital city ?

(A) Lahore
(B) Agra
(C) Jaunpur
(D) Delhi

44. Jahangir's son Khusrau was buried at :

(A) Allahabad
(B) Lucknow
(C) Murshidabad
(D) Agra

45. Babur's ancestral place was at :

(A) Bukhara
(B) Ghazni
(C) Kabul
(D) Samarqand

41. निम्नांकित में से किसने चीन को अनेक बार राजदूत भेजे ?

(A) चोल (B) चेर

(C) होयसाल (D) पल्लव

42. कम्बन की रामायण किस साहित्य का गौरवग्रन्थ माना जाता है ?

(A) मलयालम साहित्य (B) तमिल साहित्य

(C) कन्नड़ साहित्य (D) तेलुगु साहित्य

43. निम्नलिखित में से कौनसे नगर का मुग़लों ने राजधानी के रूप में उपयोग नहीं किया ?

(A) लाहौर (B) आगरा

(C) जौनपुर (D) दिल्ली

44. जहाँगीर के पुत्र खुसरो को कहाँ दफ़न किया गया था ?

(A) इलाहाबाद (B) लखनऊ

(C) मुर्शिदाबाद (D) आगरा

45. बाबर का पैतृक स्थान कहाँ था ?

(A) बुखारा (B) गज़नी

(C) काबुल (D) समरकन्द

46. The battle between Akbar and Hemu in which Akbar triumphed was fought at :

(A) Talikota
(B) Samugarh
(C) Tarain
(D) Panipat

47. Which of the following was a *suba* under Akbar ?

(A) Awadh
(B) Balkh
(C) Vijayanagar
(D) Assam

48. Sher Shah Suri's mausoleum is at :

(A) Munger
(B) Sasaram
(C) Buxar
(D) Jaunpur

49. The Atala Mosque is in :

(A) Varanasi
(B) Ghazipur
(C) Moradabad
(D) Jaunpur

50. *Iqtadari* system was in practice under the :

(A) Qutabshahis
(B) Delhi Sultans
(C) Ahom Rulers
(D) Vijayanagar Rulers

46. अकबर तथा हेमू के मध्य वह युद्ध कहाँ लड़ा गया था जिसमें अकबर विजयी हुआ था ?

(A) तालिकोट (B) सामूगढ़

(C) तराइन (D) पानीपत

47. निम्नलिखित में से कौनसा स्थान अकबर के अधीन एक सूबा था ?

(A) अवध (B) बल्ख

(C) विजयनगर (D) असम

48. शेरशाह सूरी का मकबरा किस स्थान पर है ?

(A) मुंगेर (B) सासाराम

(C) बक्सर (D) जौनपुर

49. अटाला मस्जिद किस स्थान पर है ?

(A) वाराणसी (B) गाजीपुर

(C) मुरादाबाद (D) जौनपुर

50. इक्तादारी प्रथा किसके शासनकाल में प्रचलित थी ?

(A) कुतुबशाही (B) दिल्ली सुल्तान

(C) अहोम शासक (D) विजयनगर शासक

51. Which one of the following is *not* considered as a succession state of the Mughal empire ?

(A) Mysore
(B) Bengal
(C) Hyderabad
(D) Awadh

52. Which one of the following statements is *correct* ?

(A) Murshid Quli Khan of Bengal gave equal opportunities for employment to Hindus and Muslims.

(B) The Nawabs of Bengal were against the expansion of trade.

(C) The safety of roads and rivers under the Nawabs of Bengal suffered badly.

(D) The Bengal Nawabs firmly checked and controlled the rise of the English East India Company.

53. Which one of the following statements about Haidar Ali is *correct* ?

(A) He started his career as a very high officer in Mysore army.

(B) He was highly educated.

(C) He was against western military training for his troops.

(D) He practiced religious tolerance and appointed several Hindu officials.

54. Sati in India was abolished during the rule of :

(A) Cornwallis
(B) William Bentinck
(C) Warren Hastings
(D) Canning

51. निम्नलिखित में से किसको मुगल साम्राज्य का उत्तराधिकारी राज्य **नहीं** माना जाता है ?

(A) मैसूर (B) बंगाल

(C) हैदराबाद (D) अवध

52. निम्नलिखित में से कौनसा कथन **सही** है ?

(A) बंगाल के मुर्शिद कुली खान ने हिन्दुओं तथा मुसलमानों को समान रूप से रोज़गार के अवसर दिए ।

(B) बंगाल के नवाब व्यापार के विस्तार के पक्ष में नहीं थे ।

(C) बंगाल के नवाबों के अधीन स्थल मार्गों तथा नदियों की सुरक्षा को अत्यधिक हानि हुई ।

(D) बंगाल के नवाबों ने ईस्ट इंडिया कम्पनी (अंग्रेज़ी) के उदय को सख़्ती से नियंत्रित किया ।

53. हैदर अली के सम्बंध में निम्नलिखित में से कौनसा कथन **सही** है ?

(A) उसने अपने पेशे का आरंभ मैसूर की सेना में एक उच्च पदस्थ अधिकारी के रूप में किया था ।

(B) वह बहुत शिक्षित था ।

(C) वह अपने सैनिकों के पश्चिमी सैन्य प्रशिक्षण का विरोधी था ।

(D) उसने धार्मिक सहिष्णुता की नीति अपनाई तथा अनेक हिंदू अधिकारियों को नियुक्ति दी ।

54. भारत में किसके शासनकाल में सती का उन्मूलन किया गया ?

(A) कार्नवालिस (B) विलियम बेन्टिक

(C) वारेन हेस्टिंग्ज़ (D) कैनिंग

55. Re-marriage of Hindu widows was propagated by :

(A) Dayanand Saraswati (B) Rabindranath Tagore

(C) Ishwar Chandra Vidyasagar (D) Devendra Nath Tagore

56. Tatvabodhini Sabha was founded by :

(A) Ram Mohan Roy (B) Ishwar Chandra Vidyasagar

(C) Devendranath Tagore (D) Akshay Kumar Dutt

57. The first war of Indian Independence in 1857 started at :

(A) Meerut (B) Lahore

(C) Amritsar (D) Kanpur

58. Which one of the following was *not* a provision of the 1858 Act of British Parliament about India ?

(A) The Governor General was also given the title of Viceroy.

(B) The authority over India was to be exercised by a secretary of state for India.

(C) The secretary of state was a member of British cabinet.

(D) The East India Company was allowed to administer Princely States in India.

55. हिंदू विधवाओं के पुनर्विवाह का किसने समर्थन किया ?

(A) दयानन्द सरस्वती (B) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(C) ईश्वर चन्द्र विद्यासागर (D) देवेन्द्रनाथ टैगोर

56. तत्वबोधिनी सभा की किसने स्थापना की थी ?

(A) राम मोहन राय (B) ईश्वर चन्द्र विद्यासागर

(C) देवेन्द्रनाथ टैगोर (D) अक्षय कुमार दत्त

57. 1857 का प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम कहाँ आरम्भ हुआ ?

(A) मेरठ (B) लाहौर

(C) अमृतसर (D) कानपुर

58. निम्नलिखित में से कौनसा ब्रिटिश संसद के भारत संबंधी 1858 के अधिनियम का प्रावधान नहीं था ?

(A) गवर्नर जनरल को वायसराय की भी उपाधि दे दी गयी ।

(B) भारत पर सत्ता का निष्पादन भारत के लिए सेक्रेटरी ऑफ़ स्टेट द्वारा किया गया ।

(C) सेक्रेटरी ऑफ स्टेट ब्रिटिश मंत्रिमंडल का सदस्य था ।

(D) ईस्ट इंडिया कम्पनी को भारतीय रजवाड़ों के प्रशासन की अनुमति दी गयी ।

59. The first Indian to successfully compete in Indian Civil Services examination held in London was :

(A) Subhash Chandra Bose (B) Devendranath Tagore

(C) Prafulla Chandra Sen (D) Satyendranath Tagore

60. The first Indian Factory Act was passed in :

(A) 1879 (B) 1880

(C) 1881 (D) 1882

61. Which one of the following about the second Indian Factory Act of 1891 is *correct* ?

(A) It provided for a weekly holiday for all workers

(B) Working hours for women were not fixed

(C) Daily hours for work for children were increased

(D) Hours of work for men were fixed

62. Assam was conquered by the Burmese forces in :

(A) 1789 (B) 1822

(C) 1824 (D) 1826

59. लंदन में आयोजित भारतीय सिविल सेवा परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाला प्रथम भारतीय कौन था ?

(A) सुभाष चन्द्र बोस (B) देवेन्द्रनाथ टैगोर

(C) प्रफुल्ल चन्द्र सेन (D) सत्येन्द्रनाथ टैगोर

60. प्रथम भारतीय फैक्ट्री एक्ट (अधिनियम) किस वर्ष में पारित किया गया था ?

(A) 1879 (B) 1880

(C) 1881 (D) 1882

61. निम्नलिखित में से 1891 के द्वितीय भारतीय फैक्ट्री एक्ट से संबंधित कौनसा कथन सही है ?

(A) सभी श्रमिकों के लिए साप्ताहिक अवकाश का प्रावधान किया गया

(B) स्त्रियों की कार्यावधि को निर्धारित नहीं किया गया

(C) बच्चों के प्रतिदिन कार्य की अवधि बढ़ा दी गई

(D) पुरुषों की कार्यावधि निर्धारित कर दी गई

62. बर्मा की सेना द्वारा असम को कब विजित किया गया ?

(A) 1789 (B) 1822

(C) 1824 (D) 1826

63. The industrial progress in India in the 19th century was mostly confined to the production of :

(A) Sugar and Cement (B) Steel

(C) Indigo (D) Cotton and Jute

64. Which one of the following areas was *not* badly affected by the 1876-78 famine in India ?

(A) Bihar (B) Mysore

(C) Maharashtra (D) Punjab

65. Who was the compiler of the Imperial Gazetteer ?

(A) Lord Macaulay (B) Henry Derozio

(C) William Hunter (D) William Digby

66. Who among the following belonged to Aligarh School ?

(A) Akbar Hussain (B) Altaf Hussain Hali

(C) Amir Ali (D) Mirza Hadi Ruswa

67. The East India Association in London was organized by :

(A) Surendra Nath Banerjee (B) Dadabhai Naoroji

(C) Anand Mohan Bose (D) Badruddin Tyabji

63. 19वीं सदी में भारत की औद्योगिक प्रगति प्रमुखतः किन उत्पादों तक सीमित थी ?

(A) चीनी तथा सीमेंट
(B) इस्पात
(C) नील
(D) कपास तथा जूट

64. भारत के 1876-78 के दुर्भिक्ष के समय निम्नलिखित में से कौनसा क्षेत्र अधिक प्रभावित नहीं हुआ था ?

(A) बिहार
(B) मैसूर
(C) महाराष्ट्र
(D) पंजाब

65. इम्पीरियल गज़ेटियर का संकलनकर्ता कौन था ?

(A) लार्ड मैकाले
(B) हेनरी डेरोज़ियो
(C) विलियम हंटर
(D) विलियम डिग्बी

66. निम्नलिखित में से कौन अलीगढ़ स्कूल से संबद्ध था ?

(A) अकबर हुसैन
(B) अल्ताफ़ हुसैन हाली
(C) अमीर अली
(D) मिर्ज़ा हादी रुस्वा

67. लंदन में ईस्ट इंडिया एसोसिएशन का संगठन किसने किया था ?

(A) सुरेन्द्र नाथ बनर्जी
(B) दादाभाई नौरोजी
(C) आनन्द मोहन बोस
(D) बदरुद्दीन तैयबजी

68. The first session of the Indian National Congress at Bombay was presided by :

(A) A.O. Hume (B) W.C. Bannerjee

(C) Dadabhai Naoroji (D) M.G. Ranade

69. The demand for *swaraj* on the model of self-governing colonies like Australia and Canada was made from the congress platform by :

(A) Gopal Krishna Gokhale (B) K.T. Telang

(C) Motilal Ghosh (D) Dinshaw E. Wacha

70. Gandhiji's Champaran Movement was in support of :

(A) Abolition of Untouchability (B) Textile Mill Workers

(C) Indigo Growing Peasantry (D) Communal Harmony

71. Who among the following gets the credit for bringing women into main stream of national movement ?

(A) Lala Lajpat Rai (B) Madan Mohan Malviya

(C) Sayyid Ahmed Khan (D) M.K. Gandhi

72. The Hindu Marriage Act of 1955 permitted :

(A) Polygamy for men

(B) Dissolution of marriage on specific grounds

(C) Prohibition of dowry

(D) Daughter as equal co-heir with the son

बम्बई में किसने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम अधिवेशन की अध्यक्षता की थी ?

(A) ए.ओ. ह्यूम
(B) डब्ल्यू.सी. बनर्जी
(C) दादाभाई नौरोजी
(D) एम.जी. रानाडे

कांग्रेस के तत्वावधान में आस्ट्रेलिया तथा कनाडा जैसे स्वशासित उपनिवेशों के मॉडल पर स्वराज की मांग किसने की थी ?

(A) गोपाल कृष्ण गोखले
(B) के.टी. तेलंग
(C) मोतीलाल घोष
(D) दिनशा ई. वाचा

गांधीजी का चम्पारन आंदोलन किसके समर्थन में था ?

(A) अस्पृश्यता उन्मूलन
(B) कपड़ा मिल श्रमिक
(C) नील उत्पादक कृषक
(D) सांप्रदायिक सद्भाव

निम्नलिखित में से किसे महिलाओं को राष्ट्रीय आंदोलन की मुख्य धारा में लाने का श्रेय जाता है ?

(A) लाला लाजपत राय
(B) मदन मोहन मालवीय
(C) सैयद अहमद खान
(D) एम.के. गांधी

1955 के हिंदू विवाह अधिनियम में किसकी अनुमति थी ?

(A) पुरुषों को बहु-विवाह की
(B) निश्चित आधार पर विवाह निरस्त करने की
(C) दहेज पर प्रतिबंध की
(D) पुत्री को पुत्र के समकक्ष समान उत्तराधिकार की

73. The All India Harijan Sangh was founded by :

(A) B.R. Ambedkar (B) M.K. Gandhi

(C) Narayan Guru (D) Jyotiba Phule

74. Which one among the following provisions of the Indian Constitution of 1950 is *correct* ?

(A) Abolition of Untouchability

(B) Restrictive right to free speech and expression

(C) Conditional freedom to acquire and hold property

(D) Right to all adult men only to vote

75. The Bengal Chemical Swadeshi Stores were organized by :

(A) Surendra Nath Sen (B) Rajnikant Sen

(C) Mukunda Das (D) P.C. Ray

76. The promotion of *Ganesh Utsav* as a movement to foster national sentiment was started by :

(A) M.G. Ranade (B) G.K. Gokhale

(C) V.D. Savarkar (D) B.G. Tilak

77. Gandhiji decided to withdraw non-cooperation movement as a result of :

(A) Champaran indigo revolt

(B) Chauri-Chaura incident of violence

(C) Famine in Gujrat and Maharashtra

(D) Plea made by British Viceroy for its withdrawal

73. अखिल भारतीय हरिजन संघ की स्थापना किसने की थी ?

(A) बी.आर. अंबेडकर (B) एम.के. गांधी

(C) नारायण गुरु (D) ज्योतिबा फुले

74. निम्नलिखित में से 1950 के भारतीय संविधान से संबंधित कौनसा प्रावधान **सही** है ?

(A) अस्पृश्यता उन्मूलन

(B) स्वतंत्र भाषण तथा अभिव्यक्ति का नियामक अधिकार

(C) संपत्ति अर्जन तथा स्वामित्व की प्रतिबंधित स्वतंत्रता

(D) केवल वयस्क पुरुषों को मताधिकार

75. बंगाल केमिकल स्वदेशी स्टोर का संगठन किसने किया था ?

(A) सुरेन्द्र नाथ सेन (B) रजनीकान्त सेन

(C) मुकुन्दा दास (D) पी.सी. राय

76. राष्ट्रीय भावना के प्रसार हेतु गणेश उत्सव का प्रयोजन एक आंदोलन के रूप में किसने किया था ?

(A) एम.जी. रानाडे (B) जी.के. गोखले

(C) वी.डी. सावरकर (D) बी.जी. तिलक

77. गांधीजी ने असहयोग आंदोलन को किस कारण वापस लेने का निर्णय लिया था ?

(A) चम्पारन नील विद्रोह

(B) चौरी-चौरा की हिंसक घटना

(C) गुजरात तथा महाराष्ट्र में दुर्भिक्ष

(D) ब्रिटिश वायसराय द्वारा इसे वापस लेने का निवेदन

78. Who among the following was *not* a member of the Ghadar Party set up in USA and Canada in 1913 ?

(A) Lala Hardayal (B) Bhagwan Singh

(C) Lajpat Rai (D) Ram Chandra

79. The first united Congress session since 1907 was held at :

(A) Bombay (B) Lahore

(C) Jabalpur (D) Lucknow

80. Who among the following was sentenced to death in the Kakori Conspiracy Case ?

(A) Chandra Shekhar Azad (B) Ram Prasad Bismil

(C) Bhagat Singh (D) Rajguru

81. Which mountain range separates Kinnaur from Tibet ?

(A) Pir Panjal (B) Dhauladhar

(C) Zanskar (D) Bara Banghal

82. Which one of the following bridges is on the Satluj ?

(A) Chakki (B) Rakh

(C) Kharamukh (D) Slappar

83. Who is the chairman of Fourth Finance Commission of Himachal Pradesh ?

(A) Thakur Ram Lal (B) Kuldip Kumar

(C) Mansa Ram (D) Kaul Singh

78. 1913 में यू.एस.ए. तथा कनाडा में स्थापित गदर पार्टी का निम्नलिखित में से कौन सदस्य नहीं था ?

(A) लाला हरदयाल (B) भगवान सिंह

(C) लाजपत राय (D) रामचन्द्र

79. 1907 के बाद कांग्रेस का पहला संयुक्त अधिवेशन किस स्थान पर आयोजित हुआ था ?

(A) बम्बई (B) लाहौर

(C) जबलपुर (D) लखनऊ

80. निम्नलिखित में से किसको काकोरी षड्यंत्र कांड में मृत्युदंड दिया गया था ?

(A) चंद्रशेखर आज़ाद (B) रामप्रसाद बिस्मिल

(C) भगत सिंह (D) राजगुरु

81. कौनसी पर्वत शृंखला किन्नौर को तिब्बत से अलग करती है ?

(A) पीरपंजाल (B) धौलाधार

(C) जंसकार (D) बड़ा बंघाल

82. निम्नलिखित में से कौनसा पुल सतलज पर है ?

(A) चक्की (B) राख

(C) खड़ामुख (D) सलापड़

83. हिमाचल प्रदेश के चौथे वित्त आयोग का अध्यक्ष कौन है ?

(A) ठाकुर रामलाल (B) कुलदीप कुमार

(C) मनसाराम (D) कौल सिंह

84. What is the occupation of Sepi caste ?

(A) Weaving (B) Leather work

(C) Metal work (D) Bamboo work

85. Which raja of Bilaspur tried to administer his state on the British model but received no assistance from his officials ?

(A) Bijai Chand (B) Kharak Chand

(C) Anand Chand (D) Jagat Chand

86. In which district is Burah folk-dance popular ?

(A) Chamba (B) Kullu

(C) Lahaul-Spiti (D) Sirmaur

87. Which village of Kullu district is known as the oldest democracy ?

(A) Jagatsukh (B) Malana

(C) Gusain (D) Nirmund

88. What is the capacity of the solar plant being built in village Rangrik in Lahaul ?

(A) 2 MW (B) 5 MW

(C) 8 MW (D) 12 MW

89. At which of the following places are the graves of Britishers who died during the Anglo-Gurkha war of 1814-15 ?

(A) Kunihar valley (B) Balh valley

(C) Danwin valley (D) Lohar valley

84. सीपी जाति का क्या पेशा है ?

(A) बुनाई

(B) चमड़े का काम

(C) धातु शिल्प

(D) बांस का काम

85. बिलासपुर के किस राजा ने अपनी रियासत का प्रशासन ब्रिटिश मॉडल पर करने की कोशिश की लेकिन उसे अपने कर्मचारियों का सहयोग नहीं मिला ?

(A) बिजय चन्द

(B) खड़क चन्द

(C) आनन्द चन्द

(D) जगत चन्द

86. बुड़ाह लोकनृत्य किस जिले में लोकप्रिय है ?

(A) चम्बा

(B) कुल्लू

(C) लाहौल स्पिती

(D) सिरमौर

87. कुल्लू जिले का कौनसा गांव सबसे पुराने प्रजातन्त्र के रूप में जाना जाता है ?

(A) जगतसुख

(B) मलाणा

(C) गुसैण

(D) निरमण्ड

88. लाहौल के रांगरिक गांव में जो सौर ऊर्जा प्लांट लगाया जा रहा है उसकी क्या क्षमता है ?

(A) दो मेगावाट

(B) पाँच मेगावाट

(C) आठ मेगावाट

(D) बारह मेगावाट

89. जिन ब्रिटिशर्स की 1814–15 के एंग्लो-गोरखा युद्ध में मौत हुई उनकी कब्रें निम्नलिखित में से किस स्थान पर हैं ?

(A) कुनिहार घाटी

(B) बल्ल घाटी

(C) दांवी घाटी

(D) लोहार घाटी

90. In which village of Sirmaur District is Nagnauna temple ?

(A) Puruwala (B) Devathi

(C) Manal (D) Katasan

91. Who is the author of *Dreams of My Father : A Story of Race and Inheritance* ?

(A) Barack Obama (B) Nelson Mandela

(C) Daman Singh (D) George Bush

92. Who is the winner of 2014 Wimbledon Men's Single ?

(A) Rafael Nadal (B) Novak Djokovic

(C) Roger Federer (D) Andy Murray

93. How old is Scotland's union with England ?

(A) Less than 200 years (B) Less than 250 years

(C) Less than 300 years (D) More than 300 years

94. Of which country's President is Ashref Ghani ?

(A) Afghanistan (B) Iraq

(C) Iran (D) Syria

95. What is the venue of 2014 Asian Games ?

(A) Glasgow (B) Guangzhou

(C) Incheon (D) New Delhi

90. नागनौण मन्दिर सिरमौर जिले के किस गांव में है ?

(A) पुरुवाला
(B) देवठी
(C) मनाल
(D) कटासन

91. **ड्रीम्ज़ ऑफ माई फादर : ए स्टोरी ऑफ रेस एण्ड इनहैरिटेन्स** के लेखक कौन हैं ?

(A) बराक ओबामा
(B) नेल्सन मंडेला
(C) दमन सिंह
(D) जार्ज बुश

92. विंबलडन 2014 के पुरुष एकल खिताब का विजेता कौन है ?

(A) राफेल नडाल
(B) नोवाक जोकोविच
(C) रोजर फेडरर
(D) ऐण्डी मरे

93. स्कॉटलैण्ड का इंगलैण्ड के साथ सम्मिलन कितना पुराना है ?

(A) 200 वर्ष से कम
(B) 250 वर्ष से कम
(C) 300 वर्ष से कम
(D) 300 वर्ष से अधिक

94. अशरफ गनी किस देश के अध्यक्ष हैं ?

(A) अफगानिस्तान
(B) इराक
(C) ईरान
(D) सीरिया

95. 2014 के एशियायी खेलों का मिलन-स्थल क्या है ?

(A) ग्लासगो
(B) ग्वांगझ़
(C) इंच्योन
(D) नई दिल्ली

96. Where is the Headquarters of International Court of Justice ?

(A) Geneva (B) New York

(C) Paris (D) The Hague

97. What is the name of Mehmoud Abbas's outfit which is trying for the return of unity government in Gaza strip ?

(A) Hamas (B) Fatah

(C) ISIS (D) Al-Khilafah

98. Which country's currency is Euro ?

(A) United Kingdom (B) Greece

(C) Switzerland (D) Denmark

99. Higgs Boson is called God Particle because :

(A) it needs to be worshipped

(B) it is fundamental building block of all things

(C) it was invented by a scientist who believed in God

(D) it is invisible like God

100. Which one of the following is lower than India in Gender Development Index of 2014 UNDP Report ?

(A) Nepal (B) Bangladesh

(C) Pakistan (D) Sri Lanka

96. अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय कहाँ है ?

(A) जिनेवा (B) न्यूयार्क

(C) पेरिस (D) द हेग

97. महमोद अब्बास की उस इकाई का क्या नाम है जो गाज़ा पट्टी में मिलीजुली सरकार की वापसी की कोशिश कर रही है ?

(A) हमस (B) फताह

(C) आई.एस.आई.एस. (D) अल-खिलाफाह

98. यूरो किस देश की मुद्रा है ?

(A) युनाइटेड किंगडम (B) ग्रीस

(C) स्विट्जरलैण्ड (D) डेनमार्क

99. हिग्स बोसोन को गॉड पार्टिकल इसलिए कहा जाता है क्योंकि :

(A) इसकी पूजा की जाने की जरूरत है

(B) यह सभी चीजों के निर्माण का मुख्य घटक है

(C) इसका आविष्कार एक ऐसे वैज्ञानिक ने किया जो भगवान में विश्वास रखता था

(D) यह भगवान की तरह अदृश्य है

100. निम्नलिखित में से कौनसा देश 2014 की यू.एन.डी.पी. रिपोर्ट की लिंगाधारित विकास तालिका में भारत से नीचे है ?

(A) नेपाल (B) बांग्लादेश

(C) पाकिस्तान (D) श्रीलंका